राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने हैदराबाद में आयोजित "अलाई- बलाई" पर्व में भाग लिया

कहा, "अलाई-बलाई" लोक में व्याप्त परंपराओं का अनूठा पर्व है

जयपुर, 13 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को हैदराबाद में आयोजित "अलाई- बलाई" पर्व में भाग लिया। श्री बागडे ने इस अवसर पर तेलंगाना के इस विशेष सामाजिक पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे लोक में इस तरह मिल जुल कर त्योंहार मनाने की परंपरा रही है। श्री बंडारू दत्तात्रेय जी ने लोक संस्कृति को फिर से जीवंत किया है।

उन्होंने कहा कि वह कोई भी कार्य करते हैं, पूर्ण लगन और उत्साह से कार्य हैं। यह त्योहार जन भावना और परस्पर मेल मिलाप की लोक की भारतीय परंपरा का अनूठा उदाहरण है।

राज्यपाल ने बाद में कहा कि हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय की पहल पर प्रारंभ यह उत्सव तेलंगाना की त्योंहार परंपरा का आज महत्वपूर्ण हिस्सा हो गया है। उन्होंने 'अलाई–बलाई" को परस्पर प्रेम, सद्भाव बढ़ाने वाला बताते हुए कहा कि पर्व पर प्रदर्शित तेलंगाना के पारंपरिक पर्वों की झांकियों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि 'अलाई-बलाई' हमें हमारी परंपराओं को आगे बढ़ाने की सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री बागडे सहित देश के विभिन्न अन्य राज्यों के राज्यपाल, मंत्री, राजनीतिज्ञ और विशिष्ट जन इस समारोह में भाग लेने हैदराबाद में एकत्र हुए हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने पर्व पर प्रदर्शित कलाकृतियों, खान पान और अन्य उत्सव आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भागीदारी की।